फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

चिरंजीलाल बनाम. राज0 सरकार

किस्म मुकदमा प्रा0पत्र मु0नं0 23/2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.08.2022	पत्रावली लोक अदालत में पेश हुई। प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि आराजी भूमि खसरा नम्बर 311, 313, 312 वाके ग्राम सीकरी तहसील सिकराय जिला दौसा मे स्थित है। जिसके पुराने ख0न0 68/1 रकबा 6 बीघा 13 बिस्वा खसरा नम्बर 68/2 रकबा 6 बीघा 17 बिस्वा खसरा नम्बर 67 रकबा 2 बिस्वा वाके ग्राम सीकरी तहसील सिकराय जिला दौसा है। प्रार्थना पत्र में वर्णित भूमि ख0न0 311, 312, 313 जिसके पुराने नम्बर 68/1, 68/2, 68/3 थे उक्त ाूमी के पूर्व में संवत 2016-17 में आराजी खसरा नम्बर 68/1 एवं 68/2 के नम्बर एक थे जो 68 थे तथा कुऐं की भूमी के नंबर 67 थे। राजस्व कर्मचारियो द्वारा उक्त आराजी खसरा नम्बर 68 के गलत रूप से 2 खसरे बना दिये गये 68/1 व 68/2 बना दिए तथा 68/1 को मोहरा पत्नी स्व0 भरोसी हरिया, रमेश के वारिस मुन्ना छोटया रामस्वरूप लक्ष्मण पिता प्रभात्या के नाम दर्ज कर दिया तथा आराजी ख0न0 68/2 को चिरंजी पुत्र नथ्या के नाम दर्ज कर दिया जो गलत दर्ज कर दिया जबकि खातेदारो ने बहामी रूप से बंटवारा कर रखा था जिसमें सभी काश्तकारों का सामूहिक रूप से कब्जा है। अतः ख0न0 311 एवं 313 में प्रार्थीगण का सामूहिक रूप से हिस्सा दर्ज किया जावे। तथा सेटलमेण्ट विभाग द्वारा सन् 2008-2009 में सेटलमेन्ट के दौरान नई नक्शासीट बनाई जब आराजी खसरा नं0 68(68/1 व 68/2) के नये नं0 313, 311बनाये तथा रकबे को नक्शाशीट में कम कर दिया जिसे सही किया जावे। इत्यादि पर पत्रावली दर्ज रजिस्टर किया जाकर तलबी में नियत की गई। जवाब स्टेट प्राप्त किया गया। जवाब स्टेट में खसरा नम्बर 311 एवं 313 का क्षेत्रफल हाल वर्तमान नक्शों शीट में कम नहीं होना बताया है। अतः प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र आंशिक रूप से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिकराय को आदेशित किया जाता है कि ग्राम सीकरी के खसरा नम्बर 311 एवं 313 को एक सामूहिक खसरा बनाते हुए राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करें उक्त दोनों खसरों के सभी खातेदार उक्त सामूहिक खसरे में खातेदार (हिस्सा मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड) होंगे। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। तहसीलदार सिकराय को पालना हेतु तहरीर जारी हो। सदस्य लोक अदालत बैंच सिकराय,जिला-दौसा अध्यक्ष लोक अदालत बैंच सिकराय, जिला- दौसा	